








# रीवा-प्रयागराज हाइवे पर स्कार्पियो ने चार को कुचला, मौके पर मौत

## तीन मृतक एक ही परिवार के, आक्रोशित लोगों ने सड़क पर लगाया जाम, मौके पर दिया गया चेक और आश्वासन के बाद हटा जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, रीवा जिले के गढ़ थाना अन्तर्गत तेंदुआ कोठार में रीवा-प्रयागराज हाइवे पर रविवार की शाम 4.30 बजे अनियंत्रित स्कार्पियो कार ने चार लोगो को कुचल दिया. मौके पर चार लोगो की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए है. जिन्हे उपचार के लिये रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

तीन मृतक एक ही परिवार के बताए गये है. आक्रोशित ग्रामीणो ने सड़क पर ही शव रखकर जाम लगा दिया. सूचना मिलने पर मौके पर मनगवां एसडीओपी सहित चार थानो की पुलिस पहुंची. परिजन मुआवजा राशि को लेकर अपनी मांग पर अड़े रहे. रात में कलेक्टर एवं एसपी घायलो को देखने संजय गांधी अस्पताल पहुंचे. आर्थिक सहायता राशि का चेक मिलने के बाद हाइवे से जाम हटाया गया. जानकारी के मुताबिक स्कार्पियो कार क्रमांक सीजी 07 सीएस 7987 तेज रफ्तार में रीवा से प्रयागराज की तरफ जा रही थी. जैसे ही तेंदुआ कोठार के पास पहुंची तो अनियंत्रित हो गई और सड़क पर खड़े लोगो को कुचलते हुए एक मोटर साइकल को भी ठोकर मारी. चार लोगो की मौके पर ही मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गये. रामनरेश साकेत पिता रामसिया साकेत 35 वर्ष, रूचि साकेत पिता रामनरेश 12 वर्ष, रंजना साकेत पिता कन्हैया लाल साकेत पिता सभी निवासी तेंदुआ एवं कमलेश सिंह पिता रामसिया सिंह 45 वर्ष हर्रो थाना बारा प्रयागराज यूपी की मौके पर मौत हो गई.

जबकि सुलेखा पति मुन्नीलाल, सौम्या पिता मुन्नीलाल एवं एक अन्य गंभीर रूप से घायल है, जिन्हे संजय गांधी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है. आरोपी स्कार्पियो के चालक को पुलिस गढ़ थाने ले गई. भीषण सड़क हादसे के बाद ग्रामीणो ने सड़क पर जाम लगा दिया और शव को उठाने नही दिया. मौके पर मनगवां एसडीओपी सहित भारी संख्या में चार थानो का पुलिसबल पहुंचा. जहा ग्रामीणो एवं परिजनो को समझाइश दी गई. आर्थिक सहायता राशि मिलने के बाद जाम हटाया गया तब जाकर आवागमन बहाल हुआ. सभी शव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवां में पीएम के लिये रखे गये है जहा सोमवार को पीएम किया जायेगा.

### मौके पर दिया चेक और आश्वासन, तब हटा जाम

तेंदुआ में सड़क हादसे के बाद रात 8 बजे तक जाम लगा रहा. रीवा से एडीएम सपना त्रिपाठी एवं एएसपी संदीप मिश्रा मौके पर पहुंचे और समझाइश दी. साथ ही मृतक के आश्रितो को 50 हजार सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया और मनगवां एसडीएम संजय जैन ने परिजन एवं ग्रामीणो को लिखित आश्वासन दिया कि मृतक रामनरेश साकेत के आश्रित बेटी रूचिता और आदर्श को 18 वर्ष तक शिक्षा एवं पोषण के लिये प्रति माह 4-4 हजार रूपये दिये जायेगे. लिखित आश्वासन के बाद रात 8 बजे जाम हटाया गया. तब जाकर आवागमन बहाल हुआ.

### घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे कलेक्टर-एसपी

रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगो को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने पहुंचकर घायलो का कुशल क्षेम पूछा. कलेक्टर ने चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिए. कलेक्टर ने दुर्घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगतों के परिजनों को पचास पचास हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है. यह राशि भारतीय रेडक्रास समिति से दी गई है. कलेक्टर ने दिवंगतों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है.

# रीवा से 72 सीटर हवाई सेवा की शुरूआत से विकास को मिलेगा नया आयाम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रीवा से 72 सीटर हवाई सेवा संचालन का करेंगे शुभारंभ, हफ्ते में तीन दिन चलेगी हवाई जहाज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 नवम्बर, रीवा एयरपोर्ट के विकास के साथ आज का दिन विन्ध्य के लिए ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 नवम्बर को रीवा से नई दिल्ली के लिए 72 सीटर हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे.**

विन्ध्यवासियों की हवाई सेवा का सपना तो पिछले साल ही पूरा हो गया था. अब 72 सीटर हवाई जहाज से सीधे नई दिल्ली जाने आने की सुविधा शुरू हो रही है. शीघ्र ही इंदौर के लिए भी 72 सीटर हवाई सेवा शुरू होने वाली है. हफ्ते में तीन रीवा से दिल्ली हवाई जहाज चलेगा. उद्घाटन समारोह रीवा एयरपोर्ट पर प्रात: 10 बजे आरंभ होगा. समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय में उपस्थिति रहेगी.




**15 फरवरी 2023 को हुआ था एयरपोर्ट का शिलान्यास** - रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास 15 फरवरी 2023 को तत्कालयीन केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा तत्कालीयन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था. इसके निर्माण के लिए हवाई पट्टी में उपलब्ध 65 एकड़ भूमि के साथ 258 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अर्जन किया गया. भारतीय विमान पतन प्राधिकरण ने इसका निर्माण कराया. देश के यशस्वीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अक्टूबर 2024 को वर्चुअली माध्यम से रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया. इसी दिन से रीवा से जबलपुर, भोपाल, खजुराहों, सिंगरौली के लिए एयर टैक्सी और 17 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू हो गयी.

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की मेहनत रंग लाई

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के लगातार प्रयासों से रीवा एयरपोर्ट में 28 अक्टूबर को 72 सीटर हवाई जहाज के उतरने और उड़ान भरने की सफल टेस्टिग हुई. इसके साथ ही एलायंस एयर द्वारा 72 सीटर हवाई जहाज के रीवा से उड़ान भरने का मार्ग प्रशस्त हो गया. विन्ध्य क्षेत्र के लिए 10 नवम्बर का दिन ऐतिहासिक दिन है. नियमित हवाई सेवा शुरू हो जाने से विन्ध्य क्षेत्र में शिक्षा, कला, सांस्कृतिक, उद्योग, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा. विन्ध्य क्षेत्र में स्थित सुन्दर जल प्रपातों, भव्य मंदिरों, नेशनल पार्कों तथा अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक इस हवाई सेवा का लाभ लेकर पहुंचेगे. रीवा भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण हवाई सेवा केन्द्र बनने की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहा है.



# बाघ - बाघिन की झड़प पर्यटकों के कैमरे में कैद

## संजय टाइगर रिजर्व की घटना

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 नवंबर, जिले के संजय टाइगर रिजर्व में रविवार सुबह मॉर्निंग सफारी के दौरान पर्यटकों को एक दुर्लभ वन्यजीव नजारा देखने को मिला। दुबरी रेंज क्षेत्र में टी-28 बाघिन और टी-26 नर बाघ आमने-सामने आ गए, जिसके बाद उनके बीच कुछ देर के लिए झड़प हुई।**

बताया गया कि जैसे ही नर बाघ टी-26 की नजर बाघिन टी-28 पर पड़ी वह उत्तेजित होकर दहाड़ने लगा। दोनों के बीच हल्की-फुल्की झड़प हुई, लेकिन कुछ ही क्षण बाद वे एक साथ जंगल की ओर निकल गए। पर्यटकों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दुर्लभ दृश्य को कैमरे में कैद करने वाले पर्यटक आदित्य सिंह ने बताया कि यह क्षण बेहद अद्भुत और यादगार था। उन्होंने कहा कि आमतौर पर पर्यटक बाघों की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं, लेकिन रविवार सुबह उन्हें न सिर्फ दो बाघ दिखाई दिए, बल्कि उनके प्राकृतिक व्यवहार को लाइव देखने का अवसर भी मिला। संजय टाइगर रिजर्व के डीएफओ राजेश कन्ना टी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि नर और मादा बाघ के मिलने पर इस प्रकार का व्यवहार सामान्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की झड़प में डरने जैसी कोई बात नहीं होती, यह बाघों के स्वभाव का हिस्सा है। डीएफओ ने यह भी कहा कि रिजर्व क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब उन्हें देखना पर्यटकों के लिए आसान होता जा रहा है। इसी कारण यहां आने वाले आगंतुकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

BIS 916
हालमार्क ज्वेलरी
सोना, चांदी, हीरा, रत्न
श्री कृष्ण ज्वेलर्स
पता : पन्नी लाल चौक, सतना
Mob.- 9479866550

# छात्रावास में अव्यवस्था मिलने पर एसी एवं अधीक्षक को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल ने अनूसुचित जन जाति छात्रावास सीनियर एवं जूनियर देवरा का आकास्मिक निरीक्षण किया। जहां छात्रावास में साफ-सफाई एवं गुणवत्तायुक्त भोजन नही मिलने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने तत्काल सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग एवं छात्रावास अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देशित किया।**

औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रसोई में पहुंचकर छात्रो को दिए जाने वाले भोजन चावल, दाल, सब्जी एवं तेल की जॉच की। जॉच उपरांत खाद्यान सामग्री का रख रखाव बेहतर नही मिला, वही छात्रो के द्वारा अवगत कराया गया कि हम लोगो को निर्धारित मीनू के आधार पर गुणवत्तायुक्त भोजन नही मिल रहा है। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि छात्रावास प्रति दिवस मीनू के आधार पर दिए जाने वाले भोजन की जानकारी पोस्टर के माध्यम से अंकित करायें। साथ ही सप्ताह में एक बार एवं खास अवसरो पर स्पेसल मीनू के आधार पर छात्रो को भोजन उपलब्ध करायें।

**गंदगी देख कलेक्टर ने अधीक्षक को फटकारा**- कलेक्टर ने छात्रावास की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर नही मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि छात्रावास के साफ-सफाई व्यवस्था का आज ही उचित प्रबंध कर अवगत करायें। यह सुनिश्चित करे कि प्रति दिवस नियमित रूप से शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई की जाये। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि छात्रावास बेहतर प्रबंधन के लिए समितियों का गठन कर अवगत करायें। साथ ही कलेक्टर ने कहा कि जिला अधिकारी भी छात्रावासो का नियमित निरीक्षण के लिए टीम गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसके अलावा पिछले छ: महीने का आडिट कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। वहीं कलेक्टर ने छात्रावास में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था कराने के साथ ही छात्रो को ठण्ड से बचाव के लिए बेहतर क्वाल्टी का कंबल उपलब्ध कराने के निर्देशित किया।


# बाइक को टक्कर मार खाईं में गिरी बोलेरो, 2 की मौत

## 9 श्रद्धालु घायल, आधा दर्जन को गंभीर चोट, अमरपाटन के लालपुर की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 9 नवंबर. मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा सामने आया. बाइक को टक्कर मारते हुए तेज रफ्तार बोलेरो खाईं में जा गिरी. इस घटना के चलते जहां 2 लोगों की मौत हो गई वहीं 9 यात्री घायल हो गए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह मैहर से निकली एक तेज रफ्तार बोलेरो राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रीवा की ओर जा रही थी. बोलेरो जैसे ही अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर में त्रिमूर्ति ढाबे के निकट पहुंची वैसे ही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इतना ही नहीं बल्कि बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार बोलेरो देखते ही देखते हाइवे के किनारे पलटते लगभग 20 फीट नीचे खाईं में जा गिरी. घटना होती देख आस पास मौजूद लोग



सकते में आ गए. आनन-फानन में हाइवे एंबुलेंस 1033 को सूचना दी गई. स्थानीय लोगों द्वारा सबसे पहले बाइक सवार घायल 3 लोगों को एंबुलेंस के जरिए अमरपाटन स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर जांच करने पर ग्राम झिन्ना रामनगर निवासी 60 वर्षीय वृद्ध रामबली केवट को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि बाइक सवार रामलखन केवट और रामलाला केवट को भर्ती कर उपचार शुरु किया गया. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा खाईं में गिरी बोलेरो सवार घायलों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर 112 वाहन के जरिए उपचार के लिए अमरपाटन भेजा गया. जिसमें अशोक कुमार, निर्मला देवी, पूनम देवी और भोला राम भाती सहित 4 अन्य लोग शामिल रहे. गंभीर तौर पर चोटिल होने के कारण जहां चिकित्सकों द्वारा आधा दर्जन घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया. लेकिन इसी दौरान बोलेरो चालक भोला राम भारती की मौत की खबर भी सामने आ गई.

### जल्दबाजी बताई गई वजह

बताया गया कि उप्र के सोनभद्र जिले निवासी 8 श्रद्धालु मैहर स्थित मां शारदा धाम में दर्शन-पूजन के लिए आए थे. रविवार की सुबह सभी श्रद्धालु बोलेरो में सवार होकर वापस लौट रहे थे. उपचाररत श्रद्धालुओं ने बताया कि धान की कटाई के चलते वे जल्द से जल्द अपने घर पहुंचना चाहते थे. जिसके चलते बोलेरो तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही थी. वहीं चालक को झपकी आ जाने की संभावना भी जताई गई. पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जब्त करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया.

# दो मोटरसाइकिलो की सीधी भिड़ंत में एक युवक की मौत

## बरगवां थाना क्षेत्र के भौंडार गांव में हुआ सड़क हादसा, दो युवक गंभीर रूप से घायल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 नवम्बर। बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम भौंडार मुख्य मार्ग में आज दिन रविवार की शाम करीब 5:30 बजे दो मोटरसाइकिलो की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक घायल हो गये। घायलो का उपचार जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में चल रहा है।**

जानकारी के अनुसार यूपी प्रांत सोनभद्र जिले के ओबरा थाना अंतर्गत कनहरा निवसी नसीमुद्दीन पिता सलामुद्दीन उम्र 17 वर्ष अपने एक अन्य साथी



सलाहुद्दीन पिता स्व. मो. हफीज उम्र 25 वर्ष के साथ बरगवां अंचल में किसी रिश्तेदार के यहां आये हुये थे कि बरगवां थाना क्षेत्र के भौंडार गांव के सड़क मार्ग में बेकाबू मोटरसाइकिल चालक दीपक पिता सरजू साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी चिनगो ने सामने से टक्कर मार दिया। दोनों बाईको के बीच टक्कर इतनी तेज थी कि 17 वर्षीय किशोर नसीमुद्दीन की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि बाईक में सवार दूसरा युवक सलाहुद्दीन एवं आरोपी लापरवाह चालक दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने बरगवां पुलिस को दिया, जहां टीआई समेत अन्य पुलिस कर्मी घटनास्थल पहुंच घायलो को तत्काल जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के लिए रवाना किया। वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। वहीं बताया जा रहा है कि मृतक एवं आरोपी हेलमेट नही लगाये थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को परीक्षण के लिए अस्पताल बरगवां के लिए रवाना कर दिये।

### फांसी के फंदे पर झूला 17 साल का बालक

खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र के बरौहां निवासी एक 17 साल का बालक अपने ही घर में आज दिन रविवार की दोपहर करीब 12 बजे फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक पर मारपीट समेत अन्य कई अपराध दर्ज हैं।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरौहां निवासी विष्पेन्द्र शर्मा पिता देवेन्द्र प्रसाद वर्मा उम्र 17 वर्ष अधिकांश अपने मामा के घर नौगवां में रहता था। दो दिन पूर्व अपने घर आया था कि परिवारजनों से किसी बात को लेकर कहा-सूनी हुई और दोपहर के समय घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शीतला यादव हमराह के साथ घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये पोस्टमार्टम के लिए शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुटार के लिए रवाना कर दिया है। वहीं पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone,
Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Proposed Development Cost (Approx.) | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Tender Publish Date & Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ETENDER /25/140, 07-11-2025 [2025_DTCP_ 461527_1] | DEVELOPMENT, OPERATION & MAINTENANCE OF INTER MODAL STATION AT DEWAS GATE AT UJJAIN ON DBFOT MODE IN THE STATE OF MADHYA PRADESH | 500.00 Cr. | 59,000/- 50,00,000/- | 11/11/2025 12:30 PM 18/12/2025 17:30PM |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer, UDA, Ujjain

# कलेक्टर ने किया जिला जेल बैढ़न का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 नवम्बर। आज दिन रविवार को कलेक्टर ने जिला जेल बैढ़न का निरीक्षण किया एवं जेल में बंदियो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं उन्हे जेल में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।**

कलेक्टर गौरव बैनल ने जिला जेल बैढ़न का निरीक्षण कर बंदियो को दिए जाने वाले



भोजन, नास्ता के गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली एवं स्वयं जेल की पाकशाला भोजनालय में पहुंचकर चावल दाल, सब्जी सहित नास्ते में दिए जाने वाले सामग्रियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बंदी मुलाकात कक्ष का भी अवलोकन किया तथा स्वयं टेलीकाम के माध्यम से टेलीकाम के गुणवत्ता की जॉच की। कलेक्टर ने जिला जेल में स्थित मेडिकल कक्ष का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित जेल अधीक्षक एवं चिकित्सको से बंदियो के स्वास्थ्य परीक्षण सहित दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने जेल के व्हीसी रूम पुस्तकालय आदि का भी अवलोकन कर मौके पर उपस्थित जेल अधीक्षक को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया।

डॉ. अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समय: सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना
पता: ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99